हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 27 फरवरी 2025

12 महाशिवरात्री पर्व पर बागोत में लगे मेले में भक्तों की...



12 बिना ई रवाना व बिल के एक डंपर व एक ट्रैक्टर पकड़ा



## खबर संक्षेप

### पशु चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** अटेली के बिहाली बेगपुर क्षेत्र में कुएं से भैंस व कटड़ी चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना अटेली पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान वीरेन्द्र वासी बेगपुर के रूप में हुई। आरोपित के खिलाफ पहले भी चोरी के मामले दर्ज हैं। आरोपित से पूछताछ कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भैंस व कटड़ी को पहले बरामद कर लिया गया था। शिकायतकर्ता अशोक कुमार वासी बिहाली ने थाना अटेली में शिकायत दर्ज कराई कि वह बिहाली बेगपुर रोड पर कुएं पर रहता है। पीड़ित ने बताया कि 30 दिसंबर 2024 रात को उसकी भैंस व कटड़ी चोरी हो गई थी। शिकायतकर्ता ने नामजद के खिलाफ भैंस व कटड़ी चोरी की की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी।

### नगदी व आभूषण चोरी पुलिस से शिकायत

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव से अज्ञात चोर तीन अलग अलग स्थानों पर ताला तोड़कर हजारों रुपये की नगदी व सोन चांदी के आभूषण चुरा कर ले गए। पुलिस पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार सुजापुर निवासी सत्यनारायण ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि वह खेत के कुएं पर बने मकान का ताला लगाकर गांव सुजापुर में चला गया था। सुबह आकर देखा तो मकान का ताला टुटा हुआ था। जिसमें रसोई से दो गैस सिलेंडर व कमरा में रखी लोहे की सन्दूक में से पांच से छः हजार रुपये नगद व सोने चांदी के आभूषण नहीं मिले।

### अटेली महिला कॉलेज का एथलीट मीट आज से

**मंडी अटेली।** राजकीय महिला महाविद्यालय में 27 फरवरी को नौवीं दो दिवसीय वार्षिक एथलीट मीट प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डा. प्रवीण यादव ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ ममता यादव एचपीएससी व 28 फरवरी को समापन समारोह पर एसडीएम रमीत यादव पुरस्कार वितरण में करेंगे।

### उम्मीदवार दिन रात कर रहे चुनाव प्रचार

**कनीना।** आगामी दो मार्च को होने वाले नगर पालिका चुनाव को लेकर प्रत्याशियों की ओर से दिन रात एक कर चुनाव प्रचार किया जा रहा है। मतदाताओं की ओर से जो समस्याएं रखी जा रही हैं, उनके समाधान का आश्वासन दिया जा रहा है। कनीना में कुल 10413 मतदाता हैं, जिनमें 5376 पुरुष व 5037 महिलाएं शामिल हैं। चुनाव मैदान में सात महिला प्रत्याशी चेयरमैन पद व 41 प्रत्याशी वार्ड मेम्बर के रूप में डटे हुए हैं, जो जनसंपर्क अभियान में जुटे हुए हैं। चुनाव अधिकारी एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि शांतिपूर्वक चुनाव के लिए सभी बंदोबस्त पूरे कर लिए गए हैं।

## आयुक्त ने सड़कों का निरीक्षण किया

# प्रशासन सख्त: डीएमसी ने शहर में पैदल चल खामियों पर रखी नजर रघुनाथपुरा कूड़ा डंपिंग पॉइंट पर एजेंसी को थमाया कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जिला नगर आयुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने बुधवार को शहर का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया। इसके अलावा साफ सफाई व अवैध होर्डिंग के संबंध में नियम तोड़ने वालों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सड़क के डिवाइडर पर अवैध होर्डिंग लगाने पर पांच दुकानदारों के चालान भी काटे गए। डीएमसी ने किला रोड से लेकर आजाद चौक व महावीर चौक तक अधिकारियों को साथ लेकर पैदल मार्च किया तथा निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। इसके अलावा रघुनाथपुरा कूड़ा डंपिंग पॉइंट पर पहुंचकर कूड़ा निस्तारण का जायजा लिया। यहां पर निर्धारित पैमाने के अनुसार कार्य न होने पर एजेंसी को कारण बताओ नोटिस जारी किया।



नारनौल। शहर में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करते डीएमसी डा. आनंद कुमार शर्मा। फोटो : हरिभूमि

जिला नगर आयुक्त ने सबसे पहले सेक्टर एक में निर्माणाधीन सड़कों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए की सड़क का निर्माण नियमों के अनुसार किया जाए। अगर कहीं भी गुणवत्ता में कोई कमी पाई जाती है तो नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण का लगातार निरीक्षण किया जाए। इसके बाद उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पर निर्माणाधीन पगडंडियों को लेकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने दोबारा से ठीक से लेवलिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही तय समय पर काम पूरा करने को कहा। उन्होंने चितवन वाटिका के कार्य को भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार पुलिस लाइन के सामने रोड के बीच में बनाए जा रहे डिवाइडर का काम भी एक सप्ताह में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि यहां पर दिन रात निर्माण कार्य होना चाहिए। रात को वे खुद दौरा करके इस बात की तस्दीक करेंगे कि निर्माण कार्य रात के समय भी काम चल रहा है या नहीं।



नारनौल। डिवाइडर पर लगे होर्डिंग हटाते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### एजेंसी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के

जिला नगर आयुक्त ने अंत में रघुनाथपुरा स्थित कूड़ा डंपिंग पॉइंट का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर निर्धारित नियमों व पैमाने के अनुसार कार्य नहीं पाया गया। जिस पर उन्होंने तुरंत प्रभाव से संबंधित एजेंसी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने एजेंसी को सख्त हिदायत दी कि एक माह के अंदर अंदर यहां पर कूड़ा शेष नहीं बचना चाहिए। इसके बाद साथ साथ कूड़े का निस्तारण होना चाहिए।

### अवैध तरीके से होर्डिंग लगाने पर होगी एफआईआर

इस दौरान उन्होंने नागरिक अस्पताल के सामने खाली जमीन पर डाले गए कूड़े के संबंध में भी अधिकारियों को दिशानिर्देश दिए। उन्होंने आम नागरिकों से आह्वान किया कि वे शहर को साफ सुथरा बनाए रखने में अपना योगदान दें। अगर कोई नागरिक अवैध तरीके से होर्डिंग लगाता है, तो उसके खिलाफ जुर्माने के अलावा एफआईआर भी दर्ज की जा सकती है। इसी प्रकार सड़कों व खाली प्लाट में कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। इस मौके पर नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी दीपक गोयल, जेई विकास शर्मा के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## सरकारी समर्थन मूल्य के लिए किसान 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पौर्टल करवाएं पंजीकरण

# इस बार सरसों की रिकार्ड पैदावार होने की उम्मीद, किसान गदगद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

फूल खिलने उपरांत सरसों की फसल अब फलियों से लदपद हो चुकी है। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि समूचे इलाके में अबकी बार सरसों की रिकार्ड तोड़ पैदावार होगी। इससे किसानों को भरपूर फायदा होने वाला है और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होने से उनकी बल्ले–बल्ले होने वाली है।

प्रदेश के अंतिम छोर पर राजस्थान की सीमाओं से घिरा जिला महेंद्रगढ़ कृषि प्रधान जिला है और इन दिनों रबी फसलें खेतों में लहलहा रही हैं। इस इलाके में रबी के दौरान सरसों की फसल किसानों की पहली पसंद होती है। सरसों के दाम अच्छे मिलने से किसान अन्य फसलों की तुलना में दोगुनी से भी ज्यादा मात्रा में काला सोना की बिजाई करते हैं। अबकी बार गत 27 दिसंबर को हुई जोरदार मावठ के चलते सरसों को भरपूर फायदा हुआ। इसी के चलते सरसों के पौधे फलियों से लदपद हो रहे हैं तथा सरसों की बंपर पैदावार होने की प्रबल संभावनाएं हैं। हालांकि अच्छी बरसात का फायदा केवल सरसों को नहीं, अपितु रबी की अन्य फसलों गेहूं, जौ एवं चना को भी फायदा पहुंचा है, लेकिन इस बार जहां नजर दौड़ाओ खेतों में सरसों ही सरसों खड़ी दिखाई देती। इससे स्पष्ट होता है कि अबकी बार किसानों ने पिछले सालों की तुलना में अबकी गेहूं की बिजाई कम मात्रा में की है।



नारनौल। खेतों में लहलहाती सरसों की फसल। *फोटो : हरिभूमि*

### रबी फसल का विवरण

कृषि विभाग के पास मौजूद विवरण के अनुसार महेंद्रगढ़ जिले में लगभग 3,85,000 एकड़ जमीन कृषि योग्य जमीन है। अबकी किसानों ने 241250 एकड़ में अकेले सरसों की बिजाई की है। इसी प्रकार गेहूं 93125 एकड़, चना 6687 एकड़ तथा जौ करीब एक हजार एकड़ में बोए गए हैं। यानि तीन फसलों गेहूं, जौ एवं चना की तुलना में अबकी बार सरसों की बिजाई डेढ़ गुणा से भी ज्यादा की गई है। इसके पीछे किसानों की अधिक से अधिक आय बढ़ाने की मंशा को माना जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।

### रबी फसलों के रेट

इस बार सरकार ने रबी फसलों के तहत आने वाली मुख्य सरसों की फसल का भाव 5950 रुपये प्रति क्विंटल रखा है। इसी प्रकार गेहूं का भाव 2425 रुपये, चना का भाव 5650 तथा जौ का भाव 1980 रुपये निर्धारित किया हुआ है।

### यह कहते हैं अधिकारी

कृषि विभाग के अधिकारी डा. संजय यादव ने बताया कि अबकी बार बीच–बीच में दो तीन बार अच्छी बरसात होने से रबी फसलों का भरपूर फायदा हुआ है। गत 27 दिसंबर को तो बरसात ने रिकार्ड ही तोड़ दिए थे। ऐसे में अबकी रबी फसलों का उत्पादन नया रिकार्ड भी बनाता नजर आ रहा है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। जिन किसानों ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण नहीं करवाया है, वह जब भी मौका मिले, पंजीकरण करवा लें और एमएसपी का लाभ लें।

### एमएसपी पर बेचने के लिए पंजीकरण है अनिवार्य

प्रदेश सरकार हर साल रबी फसलों की सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीद करती है। अबकी बार भी यह खरीद जारी रहेगी। हालांकि पुरानी परंपरानुसार एक अप्रैल से सरसों व गेहूं की खरीद शुरू करनी होती है, लेकिन अबकी बार सरकार 15 मार्च से ही सरसों की खरीद चालू करने जा रही है। सरकारी समर्थन मूल्य के लिए किसानों को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पौर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। जो किसान पोर्टल पर पंजीकृत होंगे, केवल उनकी ही फसलें मंडियों में सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीद की जाएंगी।

## आफत में जान



नारनौल। सीवरेज हॉल में फंसा ऊंट। *फोटो :हरिभूमि*

### शहर में नलापुर मार्ग पर खुले सीवरेज हॉल में फंसे ऊंट के पैर, क्रेन की मदद से निकाला

- लापरवाह जनस्वास्थ्य विभाग का परिणाम...आमजन सहित पशु भी उठा रहे कष्ट

**नारनौल।** आए दिन सीवरेज ढक्कन टूटे होने या खुले होने से हादसों की खबर सामने आ रही है। ऐसा भी नहीं है, ऐसी खबरों से जनस्वास्थ्य विभाग बेखबर हो। बावजूद समाधान तलाशने की बजाय एक दूसरे पर बात टाल मुद्दे को भटकाया जा रहा है। अब इस दृश्य को देखे। यह बुधवार दोपहर शहर में नलापुर मार्ग का है। यहां ऊंट गाड़ी गुजर रही थी। सामने खुले सीवरेज ढक्कन में ऊंच के आगे के दोनों पैर फंस गए। ऊंट गाड़ी मालिक ने यह देख लोगों से सहायता मांगी। कुछ ने हिम्मत दिखाई और अपने स्तर पर ऊंट के पैरों को निकालने का प्रयास किया। बात नहीं बनी तो क्रेन को बुलाया गया। क्रेन गाड़ी आई तब तक ऊंट वहां से निकलने के लिए जोर आजमाइश कर रहा था। इस कारण चोटिल भी हो गया। क्रेन गाड़ी आई और ऊंट की गर्दन पर पट्टा बांधकर ऊपर खींचा, तब जाकर ऊंट के दोनों पैर इस सीवरेज हॉल से बाहर निकले। तब तक इस मार्ग पर लोगों की भीड़ और वाहनों के आवागमन रूक जाने से जाम लग चुका था। ऊंट के बाहर आने के बाद मालिक व वहां मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली।

## टेलीग्राम टास्क फ्रॉड में संलिप्त 2 आरोपित काबू

- टेलीग्राम पर ऑनलाइन टास्क का झांसा देकर दिया था ठगी की वारदात को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

टेलीग्राम टास्क फ्रॉड के मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपित ठगी की वारदात को अंजाम देने में संलिप्त थे। इस मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना पुलिस ने दो आरोपित महेश कुमार वासी वार्ड नंबर सात नेहरू मोहल्ला रामगढ़ थाना सीकर राजस्थान व पवन कुमार वासी वार्ड नंबर 20 चुरू रोड रामगढ़ थाना सीकर राजस्थान को गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने नारनौल की रहने वाले एक व्यक्ति से टेलीग्राम टास्क फ्रॉड के माध्यम से करीब दो लाख 14 हजार रुपये ठग लिए थे। पुलिस ने आरोपितों से उनके मोबाइल बरामद कर जब्त किए हैं। आरोपितों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



## दो मार्च तक मौसम में बदलाव तापमान में दिखेगा उतार चढ़ाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

फरवरी महीने में मौसम में लगातार बदलाव व तापमान में उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है। महीना अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गया है। अन्तिम दिनों में एक बार फिर से मौसम में बदलाव व तापमान में उतार चढ़ाव देखने को मिलेगा। फरवरी महीने की शुरूआत से ही एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से बार बार मौसम में बदलाव व तापमान में उतार चढ़ाव देखने को मिला। जिससे गर्मी व सर्दी के आस्तित्व की जंग देखने को मिली। बुधवार को हरियाणा एनसीआर दिल्ली में एक बार फिर से दिन व रात के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिल रही। हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर दिन का तापमान 25.0 डिग्री सेल्सियस से 33.0 डिग्री सेल्सियस के बीच, जबकि रात का तापमान 12.0 डिग्री सेल्सियस से 17.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। जिससे मौसम में बदलाव व तापमान में उतार चढ़ाव देखने को मिलेगा। बुधवार रात्रि पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से एक चक्रवातीय सर्कुलेशन दक्षिणी पंजाब व उत्तरी राजस्थान पर बनने से सम्पूर्ण मैदानी राज्यों में विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में 27 व 28 फरबरी के दौरान मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा।

### पशिचमी विक्षोभ होंगे सक्रिय

हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर दिन व रात के तापमान सामान्य से अधिक बने हुए हैं। वर्तमान में एक के बाद एक दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से सम्पूर्ण इलाके में एक बार फिर से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। पहला पश्चिमी विक्षोभ बुधवार को रात्रि व दूसरा 28 फरवरी को होगा। जिसके असर से 27 फरवरी से दो मार्च तक मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा।

## छह वर्षीय बच्ची को बाइक चालक ने मारी टक्कर, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

गांव भोजावास में स्कूल जाने के लिए बस का इंतजार कर रही छह वर्षीय स्कूली बच्ची दीया को एक तेज गति चला रहे मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दी। बेकाबू मोटरसाइकिल चालक तेज रफ्तार पर नियंत्रण नहीं रख सका तथा बच्ची को दूर तक घसीटता ले गया। जिस कारण बच्ची दीया कुमारी गम्भीर हालात से घायल हो गई। बाइक चालक बच्ची को करीब 30 फीट तक घसीटते हुए ले गया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई। सोर सुनकर राहगीर एकत्रित हो गए तथा गम्भीर रूप से घायल बच्ची को उपचार के लिए रेवाड़ी के निजी अस्पताल में ले गए। घायल बच्ची के परिजनों ने मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ कनीना पुलिस में शिकायत कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मनीष कुमार ने बताया कि उनके छोटे भाई मनोज की बेटी दीया कुमारीस्कॉलरशिप का टेस्ट देने के लिए रही थी।

## शिकायत पर पोता गांव के पंच के खिलाफ केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

कनीना विकास खंड के गांव पोता में पंचायत सदस्य की ओर से शामलात जमीन पर पुनः कब्जा करने के आरोप में पुलिस ने बीडीपीओ की शिकायत पर केस दर्ज किया है। इस बारे में के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नवदीप की ओर से सदर थाना में दी शिकायत में कहा कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में दाखिल सीडब्ल्यूपी नम्बर 16119.2024 के आदेशानुसार 16 अक्टूबर 2024 व 31 जनवरी 2025 को गांव पोता के खसरा 556 के रास्ते से अवैध कब्जा हटवाकर इस मलकियत को ग्राम पंचायत के हवाले किया गया था। ग्राम पंचायत अपनी मलकियत को सुरक्षित रखने में नाकाम साबित हुई। जिसके चलते आरोपित पंच रणवीर सिंह ने रास्ता नम्बर 556 पर पुनः कब्जा कर लिया। इस बारे में गांव के जागरूक ग्रामीण कमल कौशिक ने सात फरवरी को रास्ते पर कब्जा कर अवरोध पैदा करने सम्बंधी शिकायत बीडीपीओ को दी थी। जिस पर बीडीपीओ ने पटवारी, ग्राम सचिव, नम्बरदार व सरपंच की चार सदस्य कमेटी गठित कर रिपोर्ट मांगी थी।

### व्यक्ति से मारपीट कर 3 हजार छीने, केस दर्ज

**कनीना।** कनीना में टेलरिंग का काम करने वाले कोटिया निवासी एक व्यक्ति से मारपीट कर बाइक सवार दो युवकों ने तीन हजार रुपये छीन लिए। इस बारे में कोटिया वासी विजय कुमार ने शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कनीना मंडी स्थित एक दुकान पर टेलरिंग का काम करता है। सिलाई कार्य करने के बाद वह प्रतिदिन पैदल अपने घर जाता है। बीती 21 फरवरी को सायं करीब छः बजे जब वह पैदल अपने घर जा रहा तो मार्ग में नहर के पास बाइक लिए दो युवक खड़े थे। जिन्होंने कोटिया जाने की बात कहकर विजय कुमार को बाइक पर बैठा लिया। युवक उसे कोसली रोड की ओर कच्चे रास्ते पर एक खाली कोठड़े में ले गए।

## नकल पर नकेल — 10वीं व 12वीं के 14 हजार विद्यार्थी देंगे 52 केंद्रों पर परीक्षा

इस बार क्यू आर कोड से मिलेगी पेपर लीक होने की जानकारी, प्रशासन नकल पर रखेगा पैनी नजर

# बोर्ड परीक्षा शुरू : आज 12वीं अंग्रेजी की परीक्षा, कल होगी10वीं गणित की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा आज वीरवार से आरम्भ हो जाएगी। इस परीक्षा के लिए महेंद्रगढ़ जिला में कुल 52 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। इनमें 10वीं व 12वीं के करीब 14 हजार विद्यार्थी परीक्षा देंगे। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। एक दिन पहले ही राजकीय कन्या पीएमश्री स्कूल में सभी केंद्रों के अधीक्षकों की बैठक भी हुई। उसके बाद उन्हें परीक्षा सामग्री वितरति की गई। केंद्र अधीक्षकों को जानकारी देने के लिए मुख्य रूप से बोर्ड सुपरिटेंडेंट रतन सिंह व जिला शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार मौजूद रहे। जिला शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षा को लेकर जिलेभर में कुल 52 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं और इनमें कुल 14 हजार के करीब विद्यार्थी परीक्षा देंगे। सभी केंद्रों पर सरकारी प्राध्यापकों को ही केंद्र अधीक्षक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सभी केंद्र अधीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वह जिले से बाहर के किसी भी अध्यापक के अपने केंद्र में ड्यूटी नहीं लगाएं। डीईओ ने बताया कि सभी केंद्रों पर जहां परीक्षा होनी वहां सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। उन्होंने बताया कि इस बार हर प्रश्नपत्र में क्यूआर कोड लगाया गया है। इस क्यूआर कोड के माध्यम से तुरंत यह पता लगा जाएगा कि यह प्रश्नपत्र किस केंद्र से लीक हुआ और किस छात्र के रोल नंबर का है। सभी केंद्र अधीक्षकों को परीक्षा से संबंधित सामग्री वितरित कर दी गई है। परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों के लिए आईडी कार्ड जारी किए हैं। साथ ही स्कूल ड्रेस भी अनिवार्य की गई है। यह परीक्षा 27 फरवरी से शुरू होकर 29 मार्च तक चलेगी। इसमें 27 फरवरी को पहले दिन 12वीं कक्षा का अंग्रेजी विषय का पेपर रहेगा। दसवीं कक्षा का पहला गणित का पहला पेपर 28 फरवरी को आयोजित किया जाएगा।

### नकल रोकने के लिए तीन उड़न दस्ते गठित

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षा को लेकर जिले में तीन उड़न दस्ते रहेंगें। इसमें जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम का उड़नदस्ता, बोर्ड उड़न दस्ता व जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का उड़न दस्ता शामिल रहेगा। सभी केंद्र अधीक्षकों को प्रश्नपत्र उसी दिन राजकीय कन्या पीएमश्री स्कूल जोकि बोर्ड सेंटर बनाया गया है, वहीं से प्राप्त होंगे। परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिका भी अधीक्षकों को यही जमा करवाने के लिए आना होगा।



स्पेशलः वर्ल्ड ओबेसिटी-डे, 4 मार्च

# बढ़ते वजन के साथ बढ़ती हैं अनेक बीमारियों की आशंका



पूरी दुनिया में ओवरवेट होना यानी मोटापा, एक बड़ी हेल्थ प्रॉब्लम बन कर उभर रहा है। मोटापे की समस्या किसी भी व्यक्ति को रातों-रात यानी अचानक उत्पन्न नहीं होती है। लंबे समय तक गलत जीवनशैली और अस्वास्थ्यकर खान-पान, मोटापे की समस्या उत्पन्न करते हैं। यह स्थिति कई अन्य बीमारियों की वजह बनती है। इस बारे में जानना सभी के लिए जरूरी है

डॉक्टर एडवाइस
डॉ. प्रतीक पोरवाल
जी.आई. सर्जन
कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर

आमतौर पर मोटापा वह शारीरिक स्थिति है, जिसमें व्यक्ति के शरीर में वसा की मात्रा बढ़ जाती है। जब किसी व्यक्ति की लंबाई के अनुपात में उसका वजन एक निश्चित मानक सीमा से अधिक हो जाता है तो उसे मोटापे की स्थिति कहा जाता है।

## क्या है मॉर्बिड ओबेसिटी

मॉर्बिड ओबेसिटी या रुग्ण रोगिष्ठ मोटापा एक ऐसी स्थिति है, जहां किसी व्यक्ति के शरीर में अत्यधिक मात्रा में वसा संचित होती है, जो उसके स्वास्थ्य पर अत्यंत प्रतिकूल प्रभाव डालती है। ऐसा मोटापा गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। इसे आमतौर पर 40 या उससे अधिक के बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) द्वारा परिभाषित किया जाता है।

## मोटापा और बीएमआई

मोटापे के आकलन की सबसे प्रमुख विधि बॉडी मास इंडेक्स संक्षेप में बीएमआई है। कमर की माप से भी मोटापे का अंदाजा लगाया जा सकता है, लेकिन मान्य और प्रचलित विधि बीएमआई ही है। बीएमआई की गणना के लिए पहले किसी व्यक्ति के वजन को किलोग्राम में मापा जाता है और फिर उसे उसकी लंबाई के मीटर वर्ग से विभाजित किया जाता है।

## मॉर्बिड ओबेसिटी के लक्षण

- थोड़ा शारीरिक श्रम करने पर सांस फूलने लगती है। बैठने और चलने-फिरने में दिक्कत महसूस करना।
- जोड़ों और कमर में दर्द की समस्या के मामले ऐसे लोगों में ज्यादा होते हैं।
- जरा सा भी शारीरिक श्रम करने पर थकान महसूस करना।
- सोते समय खर्राटे लेना और रात में अचानक घबराहट होने पर उठ जाना (स्लीप एपनिया)।



## ओबेसिटी के कारण

**व्यायाम न करना:** जो लोग नियमित रूप से व्यायाम नहीं करते या कम शारीरिक श्रम करते हैं, उनके मोटे होने की संभावना बढ़ जाती है। मोटापे के अधिकांश मामलों में एक व्यक्ति जितनी कैलोरी बर्न करता है, उससे बहुत अधिक कैलोरी ग्रहण करता है। शरीर द्वारा इस्तेमाल न की जाने वाली कैलोरी वसा के रूप में संचित हो जाती है।

**जंक फूड्स:** लगभग हर दिन अत्यधिक चिकनाई युक्त आहार ग्रहण करना या फिर अकसर जंक फूड्स लेना मोटापे से ग्रस्त कर देता है। इसके अतिरिक्त जो लोग अपने खान-पान में फलों और सब्जियों को वरीयता नहीं देते हैं, वे भी मोटापे से ग्रस्त हो सकते हैं।

**मानसिक तनाव:** कालांतर में यह नकारात्मक मानसिक अवस्था भी मोटापे का कारण बन सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि तनाव से शरीर में हार्मोन असंतुलित हो जाते हैं। हार्मोंस के असंतुलन की स्थिति से मोटापा बढ़ सकता है।

**वंशानुगत कारण:** इनसे भी मोटापा बढ़ सकता है। जैसे अगर मां-बाप अपने जीवन काल में मोटापे की समस्या से ग्रस्त हैं तो उनकी संतानों में भी मोटापा बढ़ना संभव है।

**थायरॉइड ग्रंथि के विकार:** इस ग्रंथि के असंतुलन या विकार से भी मोटापा बढ़ने की संभावना रहती है।

## मोटापे से होने वाली समस्याएं

जो लोग अत्यधिक मोटापे से ग्रस्त हैं, उनमें इन स्वास्थ्य समस्याओं के होने की आशंकाएं बढ़ जाती हैं। जैसे- उच्च रक्त चाप, हृदय की बीमारियां, डायबिटीज टाइप 2, स्ट्रोक, अर्थराइटिस, सोते समय खर्राटे भरना या स्लीप एपनिया, मोटापे से ग्रस्त लोगों में आंतों और स्तन कैंसर होने के मामले कहीं ज्यादा हो सकते हैं। गर्भवती महिलाओं में अत्यधिक वजन के बढ़ने से उनके गर्भस्थ शिशु को भी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसके अलावा जो लोग पहले से ही उपरोक्त बीमारियों से ग्रस्त हैं, उन्हें अपने वजन नियंत्रण पर डॉक्टर से परामर्श लेकर विशेष ध्यान देना चाहिए, तभी वे उपरोक्त समस्याओं को नियंत्रित कर सकते हैं।

**मनोवैज्ञानिक समस्याएं:** जो नवयुवक या नवयुवतियां अत्यधिक मोटापे से ग्रस्त हैं, उनके अंदर कुछ मनोवैज्ञानिक समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। जैसे वे शारीरिक रूप से हीनता ग्रंथि के शिकार हो सकते हैं। उन्हें लोगों से मिलने-जुलने में अच्छा महसूस नहीं होता।

**इनफर्टिलिटी:** मोटापा और बांझपन (इनफर्टिलिटी) के बीच एक गहरा संबंध है। अधिक वजन और मोटापा महिलाओं और पुरुषों दोनों में प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर सकते हैं।

## ऐसे करें वेट कंट्रोल

पहली बात तो यह समझ लें कि मोटापे को किसी भी दवा या किसी मेडिकल चमत्कार से चंद घंटों या दिनों में दूर नहीं किया जा सकता। मोटापे को नियंत्रित करने के संदर्भ में किसी भी व्यक्ति की उम्र, शारीरिक स्थिति और उसकी मेडिकल कंडीशन के बारे में जानना आवश्यक है।

**कब लें डॉक्टर से परामर्श:** जिन लोगों का वजन बीएमआई के मानकों से परे जाकर बढ़ता जा रहा है या जो लोग पहले से ही मोटापे से ग्रस्त हैं, उन्हें अपने डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। डॉक्टर आपको अपनी जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन करने और स्वास्थ्यकर खान-पान के संदर्भ में समुचित जानकारी देंगे। इस संदर्भ में डॉक्टर आप से कुछ सवाल भी पूछ सकते हैं। जैसे आप डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर अन्य किसी रोग से पीड़ित तो नहीं हैं, फिलहाल आप क्या दवाएं ले रहे हैं, शराब या धूम्रपान के तलबगार तो नहीं हैं। आप व्यायाम या शारीरिक गतिविधियों में भाग लेते हैं या नहीं। इसके अलावा डॉक्टर आपकी बीएमआई भी चेक कर सकते हैं और अगर आपको कोई बीमारी है तो उससे संबंधित जांच भी करवा सकते हैं। डॉक्टर आपको डायटिशियन के पास भी रेफर कर सकते हैं और इस संदर्भ में व्यायाम या योगासन के लिए किसी विशेषज्ञ को भी रेफर कर सकते हैं। अत्यधिक मोटापाग्रस्त होने की स्थिति में वे आपको बैरियाट्रिक सर्जन से परामर्श लेने की भी राय भी दे सकते हैं।



## तब करवाएं बैरियाट्रिक सर्जरी

बैरियाट्रिक सर्जरी एक प्रकार की सर्जरी है, जिसका उद्देश्य अत्यधिक मोटापे का इलाज करना है। यह सर्जरी विशेष रूप से उन व्यक्तियों के लिए होती है, जिनका बीएमआई 40 या उससे अधिक होता है, या जिनका बीएमआई 35-39.9 होता है और उन्हें मोटापे से संबंधित गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं, जैसे कि डायबिटीज, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप आदि। इसके अलावा यदि किसी व्यक्ति ने आहार और व्यायाम के माध्यम से वजन घटाने की कोशिश की है, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली, तो बैरियाट्रिक सर्जरी का विकल्प दिया जा सकता है।

## ऐसे निर्धारित करते हैं मोटापा

यदि किसी व्यक्ति का बीएमआई 18.5 या उससे नीचे है, तो इसका आशय है कि उसका वजन सामान्य से कम है, वह



अंडरवेट है। ऐसा व्यक्ति कुपोषण का शिकार हो सकता है। किसी व्यक्ति का बीएमआई 18.5 से 24.9 के मध्य है तो उसका वजन सामान्य है, जिसे नॉर्मल वेट कहते हैं। अगर किसी व्यक्ति का बीएमआई 25 से 28 के मध्य है, तो उसका वजन अधिक है, उसे ओवरवेट कहा जाता है। बीएमआई 28 से 30 के मध्य है तो उसे ग्रेड-1 मोटापे की श्रेणी में रखा जाता है। अगर बीएमआई 31 से 40 के मध्य है तो उसे ग्रेड-2 मोटापा माना जाता है। अगर बीएमआई 40 से अधिक है तो उसे अत्यधिक गंभीर मोटापा (रुग्ण रोगिष्ठ मोटापा) माना जाता है।

आमतौर पर पुरुषों में 94 सेमी. या फिर इससे अधिक और महिलाओं में 80 सेमी. या इससे अधिक कमर की माप को स्वास्थ्य के प्रतिकूल माना जाता है।

## वेट कंट्रोल का डाइट प्लान

मोटापे को नियंत्रित करने में खान-पान का व्यायाम की तुलना में कहीं ज्यादा महत्व है। मोटापे को कम करने में 90% स्वास्थ्यकर खान-पान और 10% वर्कआउट व्यायाम की स्थिति आदर्श मानी जाती है। वजन को नियंत्रित करने के लिए कई डाइट प्लान हैं, जिन पर अपने डॉक्टर या डाइटिशियन से परामर्श लेकर ही अमल करना चाहिए। जैसे पैलियो डाइट प्लान। इसके अंतर्गत आहार में टमाटर, प्याज, लहसुन और गाजर को शामिल किया जाता है। इसके अलावा फलों, नट्स, मछली, फलियां, अनाज और डेयरी उत्पादों को भी शामिल किया जाता है।

डाइटिंग के नाम पर अपनी भूख मारना या कम से कम खाना अपने शरीर के साथ अत्याचार करने जैसा है। अनेक ऐसे लोग हैं जिनके दिमाग में यह गलत धारणा बैठ चुकी है कि मोटापे को कम करने के लिए डाइटिंग एक सशक्त माध्यम है, जबकि सच्चाई इसके विपरीत है। याद रखें, डाइटिंग से मोटापा कम नहीं होता।

## मोटापा और दवाएं

इस संदर्भ में महत्वपूर्ण बात यह है कि मोटापा कम करने वाली दवाओं का सेवन अपने डॉक्टर या डाइटिशियन से परामर्श लिए बगैर नहीं करना चाहिए। मॉर्बिड ओबेसिटी को नियंत्रण करने में दवाओं का एक सीमित योगदान है।

वजन घटाने की दवाएं विशेष रूप से उन लोगों के लिए होती हैं, जो आहार और व्यायाम के साथ भी वजन कम करने में सफल नहीं हो पाते। ये दवाइयां डॉक्टर की निगरानी में ली जाती हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि ऐसी दवाओं के साइड और आफ्टर इफेक्ट भी होते हैं। इन दवाओं का उद्देश्य शरीर में वसा को जलाना या बर्न करना, भूख को कम करना और शरीर के ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाना होता है। *

प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला

## इन बातों पर दें ध्यान

**वजन नियंत्रण** के लिए आपको अपनी जीवनशैली में लगातार सकारात्मक परिवर्तन करने होंगे। जैसे अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार नियमित रूप से व्यायाम करना, खान-पान में मौसमी फलों और हरी सब्जियों को वरीयता देना आदि। इसके अलावा इन सुझावों पर भी अमल करना लाभप्रद रहेगा।

- डॉक्टर या डायटिशियन से परामर्श लेकर अपनी शारीरिक स्थिति और मेडिकल कंडीशन के अनुसार खान-पान का एक चार्ट बनवा लें और फिर उस पर अमल करें।



- नियमित रूप से व्यायाम करें, लेकिन इस संदर्भ में याद रखें कि प्रत्येक व्यक्ति की उम्र और उसकी मेडिकल कंडीशन के अनुसार ही व्यायाम और उसका समय निर्धारित किया जाता है। इसलिए इस संदर्भ में फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श लें।
- जीवन के प्रति सकारात्मक सोच रखें और तनाव को स्वयं पर हावी न होने दें। ऐसा इसलिए क्योंकि तनाव से भी मोटापा या वजन बढ़ सकता है। तनाव से शरीर में हार्मोन संबंधी असंतुलन उत्पन्न होता है, जिसके कारण कालांतर में मोटापा बढ़ सकता है। तनाव को नियंत्रित करने के लिए मेडिटेशन करें।
- अत्यधिक चिकनाईयुक्त खाद्य पदार्थों से परहेज करें।
- खाद्य पदार्थों में ऊपर से नमक न छिड़कें। नमक का कम से कम सेवन करना लाभप्रद है।
- खाना खाते समय टीवी न देखें।

---

घरेलू औषधि

# बहुत लाभकारी है जैतून नमक

आमतौर पर लोग साधारण नमक, काला नमक और सेंधा नमक के बारे में तो जानते हैं। लेकिन एक अन्य लाभकारी नमक जैतून नमक के बारे में कम ही लोग जानते हैं। यह एक विशेष नमक है, जो कई रोगों के उपचार में कारगर है।

**क्या होता है जैतून नमकः** इस नमक को बनाने के लिए साधारण नमक को जैतून के साथ मिलाकर एक निश्चित विधि से तैयार किया जाता है। इसके लिए पूरे पके हुए जैतून को मोटे नमक (डली वाला साधारण नमक) के साथ मिलाकर ढंक कर लगभग दो महीने के लिए रख दिया जाता है। निर्धारित समय के बाद उस नमक में विशेष गुणों का समावेश प्राकृतिक रूप से होता है। जिससे एक औषधि बन जाती है, जो कई स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों में लाभकारी होता है। इसमें मिलने वाले प्रमुख तत्व हैं- विटामिन ई, लोहा, तांबा और कैल्शियम आदि। जैतून नमक की तासीर ठंडी होने के कारण सर्दियों में इसका सेवन कम करना चाहिए।

**इन रोगों में कारगरः** जैतून नमक को कई रोगों के उपचार में



उपयोग किया जा सकता है।

- इसका प्रयोग शरीर के बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है।
- पेट संबंधी अजीर्ण, गैस, अपच, भूख न लगना या कम लगना आदि समस्याओं में यह हितकर है।
- डायबिटीज (रक्तशर्करा) और उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) के उपचार में जैतून नमक का सेवन उपयोगी है।
- यह शारीरिक क्षमता में बढ़ोत्तरी करता है।
- हृदय को स्वस्थ रखने के लिए यह लाभकारी है।
- कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करता है।
- बढ़ते वजन से परेशान लोगों का वजन कम करने में मददगार है।
- यकृत (लिवर) को स्वस्थ बनाने में सहायक है।
- किडनी की समस्या में इसका सेवन लाभकारी है।
- बढ़ती आयु में हड्डियों को स्वस्थ रखने में इसका सेवन मददगार है।

कुछ लोगों को जैतून से एलर्जी होती है, उन्हें इसका सेवन नहीं करना चाहिए। इसकी कितनी मात्रा कैसे लेनी है, इसका निर्धारण स्वयं न करें, विशेषज्ञ से सलाह के आधार पर करें।

यहां बताए गए उक्त सभी उपाय-उपचार सामान्य हैं। प्रयोग करने से पहले अपने वैद्यजी या आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह अवश्य करें। *

-वैद्य हरिकृष्ण पांडे 'हरीश'

---

मेडिकल रिसर्च

माहिया

कुछ समय पहले खबरें आईं कि रूस के वैज्ञानिकों ने कैंसर ट्रीटमेंट के लिए वैक्सीन बनाने में सफलता हासिल कर ली है। क्या है यह वैक्सीन, कैसे करेगी यह वर्क और इससे कितना प्रभावी होगा ट्रीटमेंट, आप जरूर जानना चाहेंगे।

# बना ली गई कैंसर वैक्सीन कितना प्रभावी होगा इलाज

हाल में रूस ने घोषणा की है कि उनके वैज्ञानिकों ने कैंसर की रोकथाम के लिए एक नई एमआरएनए-आधारित वैक्सीन विकसित की है, जो जल्द ही रोगियों को मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगी। गमालेया नेशनल रिसर्च सेंटर फॉर एपिडेमोलोजी एंड माइक्रोबायोलॉजी के निदेशक एलेक्जेंडर गिंट्सबर्ग का कहना है कि इस वैक्सीन के क्लिनिकल ट्रायल्स से मालूम हुआ है कि यह रसौली को बढ़ने से रोकती है और उसके आशंकित रूप-परिवर्तन को भी। एमआरएनए या मैसेंजर आरएनए वैक्सीन, वह जेनेटिक सूचना उपलब्ध कराती है, जो शरीर की कोशिकाओं को एंटीजन (प्रोटीन या अन्य पदार्थ जो इम्यून या प्रतिरोधात्मक प्रतिक्रिया आरंभ करते हैं) के विरुद्ध इम्यून सिस्टम को एंटीबॉडीज उत्पादन के लिए प्रेरित करता है। जब ये एंटीजन, कैंसर कोशिकाओं पर पहचान लिए जाते हैं तो इम्यून सिस्टम उनके खिलाफ हमला शुरू कर देता है।

**ऐसे करेगी एक्शनः** एमआरएनए कैंसर वैक्सीन, इम्युनोथेरेपी का एक रूप है। कैंसर कोशिकाएं अकसर ऐसा तरीका विकसित कर लेती हैं कि वो एंटीबॉडीज द्वारा पहचान में आने से बच जाएं। फलस्वरूप इम्यून सिस्टम (शरीर की प्रतिरोधात्मक क्षमता) उन्हें नष्ट नहीं कर पाता। इस बचाव के तरीके को अब समझ लिया गया है। अब प्लानिंग यह है वैक्सीन के जरिए शरीर की प्रतिरोधात्मक क्षमता को इस प्रकार मजबूत कर दिया जाए कि वह कैंसर कोशिकाओं को तलाश करके उन्हें नष्ट कर दे और उनको फैलने से रोके। इस उपचार का लाभ यह है कि कीमोथेरपी के विपरीत इसमें अन्य कोशिकाओं के बजाय केवल कैंसर कोशिकाओं को ही नष्ट किया जाता है, नतीजतन ट्रीटमेंट के साइड-इफेक्ट्स कम हो जाते हैं। वैक्सीन के अतिरिक्त भी इम्युनोथेरेपी के अन्य अनेक तरीके हैं। जैसे कार टी सेल थेरेपी, इम्यून चेकपॉइंट इन्हिबिटर्स आदि।

**अन्य वैक्सीन से है अलगः** अन्य वैक्सीनों की तरह एमआरएनए कैंसर वैक्सीन, रोग को रोकने के लिए स्वस्थ व्यक्तियों के लिए नहीं है कि टीकाकरण करा लिया और रोग होगा ही नहीं। इन्हें उन रोगियों पर इस्तेमाल किया जाता है, जिन्हें पहले से ही कैंसर है ताकि रसौली को निशाना बनाकर उसका उपचार किया जा सके। यह उपचार विधि इस तरह से तैयार की गई है कि हर रोगी की रसौली में जो विशिष्ट एंटीजन होते हैं, उन्हें निशाना बनाया जाए, जिससे यह वैक्सीन व्यक्तिगत हो जाती है और अधिक प्रभावी भी। कैंसर एमआरएनए वैक्सीन को इस तरह से भी डिजाइन किया जा सकता है कि अनेक प्रकार के एंटीजन को निशाना बनाया जा सके।

**कैंसर का करेगा ट्रीटमेंटः** कई डॉक्टरों का कहना है कि कैंसर की रोकथाम के लिए 'वैक्सीन' शब्द का प्रयोग करना भ्रामक है, क्योंकि संक्रमित रोगों की तरह कैंसर आमतौर से किसी एक कीटाणु से नहीं फैलता है। जहां तक कैंसर के रोकथाम की बात है तो ह्यूमन पपील्लोमावायरस (एचपीवी) वैक्सीन से सर्वाइकल कैंसर को होने से रोका जा सकता है, क्योंकि इस सिलसिले में 90 प्रतिशत से अधिक केस इस वायरस के कारण होते हैं। लेकिन डॉक्टर्स इस बात पर बल देते हैं, 'रोगियों को यह समझना चाहिए कि इम्मुनोथेरेपी उपचार से कैंसर को होने से नहीं रोका जा सकता। यह रोग होने के बाद का इलाज है।' *



---



डॉक्टर सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब नींद के लिए लेनी पड़े दवा

**मेरी उम्र 66 वर्ष है। मुझे अकसर रात को नींद नहीं आती। पिछले कुछ समय से मैं नींद की गोलियां ले रहा हूं। इससे रात को नींद तो अच्छी आती है, लेकिन पूरे दिन सुस्ती बनी रहती है। समझ नहीं आता, क्या करूं? कृपया उचित मार्गदर्शन करें।**


**-वीरपाल, महेंद्रगढ़**

नींद की दवा खाकर सोना, यह अच्छी बात नहीं है। सबसे पहले आप कोशिश करें कि नींद की दवा लेना बंद करें और इसके बगैर कैसे नींद आए, इसका रास्ता खोजें। इसके लिए सबसे जरूरी है कि नींद न आने की वजह ढूंढने की, यानी किस वजह से नींद नहीं आती है? यह समस्या आपको कब से है यानी इस बीच में ऐसा क्या हुआ है, जो बात बार-बार आपके मन में आती है, जिससे नींद नहीं आ रही हो। अगर आप स्वयं से ऐसा न कर पाएं तो जरूर आपको एक बार मनोरोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए, लेकिन नींद की दवा आपको लेना बिल्कुल बंद कर देना चाहिए।

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। जब भी मैं कुछ दूर पैदल चलता हूं, मेरे पैरों में सूजन आ जाती है। रेस्ट करने पर यह सूजन अपने-आप ही ठीक हो जाती है। ऐसा क्यों होता है? मुझे क्या करना चाहिए?**

**-अभिनव, दुर्ग**

पैरों में सूजन दो कारणों से होती है, पहले मसल्स का वीक होना और दूसरा



डायबिटीज। आप पहले जनरल फिजिशियन से संपर्क करें, वो आपकी शुगर और कुछ अन्य जांच कराएंगे, जिससे पता चलेगा कि आपको किस वजह से सूजन आ रही है? इसके बाद उसका उपचार होगा। फिलहाल, बगैर डॉक्टर से कंसल्ट किए कोई भी दवा आप ना खाएं। ज्यादा दिक्कत होने पर आप सिंकाई कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मेरे फेस पर बहुत अधिक झाइयां हो रही हैं। कई तरह की क्रीम और दवाइयां लेने के बाद भी यह ठीक नहीं हो रही। मेरी इस प्रॉब्लम का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-सुकेश, रायपुर**

अभी आप की उम्र अधिक नहीं है इसलिए आपको दवा खाने की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए। दवा के अधिक सेवन से आपको अभी भले ही आराम मिल जाए, लेकिन आगे और परेशानी बढ़ सकती है। सबसे पहले आप अपनी तरफ से इस्तेमाल की जाने वाली दवाइयां बंद करें और एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। वो इसका कारण बताएंगे और उसका ट्रीटमेंट भी। लेकिन आप अभी पानी अधिक से अधिक पिएं। शरीर में पानी की कमी न होने दें। कई बार यह भी त्वचा रोग का कारण बन जाता है।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। तीन हफ्ते पहले बाथरूम में पैर स्लिप करने की वजह से मेरी कमर में चोट आई थी। अभी भी कमर में चोट वाली जगह पर रह-रहकर दर्द होता रहता है। ऐसे में क्या करूं, जिससे मुझे कमर दर्द से राहत मिले?**

**-अर्णव, बिलासपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको स्पाइन में चोट लगी है, जिसमें किसी तरह की फ्रेक्चर नहीं हुआ होगा। इस तरह की चोट में थोड़ा लंबे समय तक दर्द रहता है। कोशिश करें कि आप झुकने वाले काम बिल्कुल न करें, वजन न उठाएं। सोने के लिए हार्ड बेड का इस्तेमाल करें। अगर अधिक दर्द हो रहा है तो जरूर आपको एक बार हड्डी रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए, क्योंकि दर्द हो रहा है इसलिए किसी तरह की एक्सरसाइज भी न करें।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। अकसर खड़े होने पर मेरे पैरों में थरथराहट शुरू हो जाती है, जिसकी वजह से चलते वक्त लड़खड़ाने लगता हूं। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-कौशल किशोर, भोपाल**

इस बात पर ध्यान दें कि आपका वजन अधिक तो नहीं है? कई बार वजन अधिक होने पर इस तरह की समस्याएं बढ़ती उम्र में देखी जाती हैं। लेकिन एक बार आप मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ संपर्क से कर लें, क्योंकि इस तरह की समस्याएं न्यूरो से जुड़ी भी हो सकती हैं। ऐसे में बगैर जांच किए कुछ भी कहना मुश्किल है। लेकिन आप जैसा बता रहे हैं, तो ज्यादा चलने की कोशिश न करें। गिर सकते हैं और चोट लग सकती है। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

## खबर संक्षेप

### ट्रक की टक्कर से बीएसएफ जवान घायल

जाटूसाना। मोहदीनपुर के पास एक ट्रक की टक्कर से बीएसएफ जवान घायल हो गया। टहना दीपालपुर निवासी जवान श्यामलाल छुट्टी लेकर घर आया हुआ है। वह अपने घर से सामान लेने के लिए मोहदीनपुर रोड पर एक दुकान पर गया था। सामान लेने के बाद वह अपने घर लौट रहा था। रोहड़ाई की ओर से आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। रोहड़ाई पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद ट्रक की तलाश शुरू कर दी।

### धोखाधड़ी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने खोरी निवासी धर्मपाल की ओर से दायर परिवाद पर कार्रवाई करते हुए गत वर्ष अप्रैल माह में सात लोगों के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज किया था। इसमें पटवारी से लेकर तहसीलदार व नंबरदार तक शामिल थे। पुलिस ने मामले के एक आरोपी खोरी निवासी बनवारीलाल को इस मामले में गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

### वर्षों बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा लूट का आरोपी

रेवाड़ी। थाना रामपुरा पुलिस ने लूट के मामले में एक आरोपी को 18 साल बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लूटपाट के मामले में पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर 20 सितंबर 2007 को केस दर्ज किया था। इस मामले में कुछ आरोपियों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। एक आरोपी नूंह के सालाहेड़ी निवासी शाहीद उर्फ काला फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### पति को छोड़कर महिला घर से फरार

रेवाड़ी। शहर की एक कॉलोनी में रह रहे मूल रूप से बिहार निवासी एक युवक की पत्नी घर से लापता हो गई। पुलिस को दर्ज शिकायत में युवक ने बताया कि वह शहर की एक कॉलोनी में किराए के मकान में रहा रहा है। उसकी 22 वर्षीय पत्नी बिना बताए कहीं चली गई। काफी तलाश करने के बाद भी उसकी पत्नी का कोई पता नहीं चल सका।

### शादी समारोह स्थल से दुल्हे का मोबाइल चोरी

रेवाड़ी। अभय सिंह चौक के पास स्थित समारोह स्थल में शादी के दौरान दुल्हे का मोबाइल फोन चोरी हो गया। नई अनाजमंडी निवासी अमन गुप्ता ने शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 फरवरी को उसका विवाह प्रोग्राम रॉयल गार्डन में था। मोबाइल फोन बैड पर रखा हुआ था, जिसे कोई व्यक्ति ने चोरी करके ले गया।

### बीकानेर-सादुलपुर रेलखंड के बीच मोलीसर-चूरू स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य

# रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण के चलते रेवाड़ी से गुजरने वाली 4 ट्रेनें रद व 11 के मार्ग बदले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

रेलवे की ओर से बीकानेर-सादुलपुर रेलखंड के बीच स्थित मोलीसर-चूरू स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य के लिए नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के कारण हरियाणा रेलमार्ग से गुजरने वाली 4 ट्रेनें रद रहेंगी। इसके अलावा 6 ट्रेनें आंशिक रद रहेंगी तथा 11 ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है। कार्य के कारण दो ट्रेनें रीशेड्यूल की गई है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ कैप्टन शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 14823 जोधपुर-रेवाड़ी रेलसेवा 10 मई से 28 मई तक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 54804 रेवाड़ी-सीकर रेलसेवा 10 मई से 28 मई तक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 54803 सीकर-रेवाड़ी रेलसेवा 11 मई से 29 मई के बीच रद रहेगी। गाड़ी संख्या 14824 रेवाड़ी-जोधपुर रेलसेवा 11 मई से 29 मई तक रद रहेगी।



रेवाड़ी। रेवाड़ी रेलमार्ग से गुजरते हुए ट्रेन।

#### आंशिक रद रेलसेवाएं

गाड़ी संख्या 54789 रेवाड़ी-बीकानेर रेलसेवा 19 अप्रैल से 28 मई तक रेवाड़ी से प्रस्थान करके सादुलपुर तक संचालित होगी। रेलसेवा सादुलपुर-बीकानेर के मध्य आंशिक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 54790 बीकानेर-रेवाड़ी रेलसेवा 19 अप्रैल से 28 मई तक बीकानेर के स्थान पर सादुलपुर से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन बीकानेर-सादुलपुर के मध्य आंशिक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 14823 जोधपुर-रेवाड़ी रेलसेवा 19 अप्रैल से 9 मई तक जोधपुर से प्रस्थान करके लोहारू तक संचालित होगी। यह ट्रेन लोहारू-रेवाड़ी के मध्य आंशिक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 54804 रेवाड़ी-सीकर रेलसेवा 19 अप्रैल से 9 मई तक रेवाड़ी के स्थान पर लोहारू से संचालित होगी। यह ट्रेन रेवाड़ी-लोहारू के मध्य आंशिक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 19333 इंदौर-बीकानेर रेलसेवा 10 मई, 17 मई और 25 मई को इंदौर से प्रस्थान करके सीकर तक संचालित होगी। यह ट्रेन सीकर-बीकानेर के मध्य आंशिक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 19334 बीकानेर-इंदौर रेलसेवा 11 मई,18 मई और 25 मई को बीकानेर के स्थान पर सीकर से संचालित होगी। यह ट्रेन बीकानेर-सीकर के मध्य आंशिक रद रहेगी।

#### मार्ग परिवर्तित रहेगा

गाड़ी संख्या 20497 रामेश्वरम्-फिरोजपुर रेलसेवा 6 मई, 13 मई व 20 मई को रामेश्वरम् से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग सीकर-लोहारू-सादुलपुर होकर संचालित होगी और परिवर्तित मार्ग में झुंझुनूं व लोहारू स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 20498 फिरोजपुर-रामेश्वरम् रेलसेवा 10 मई, 17 मई व 24 मई को फिरोजपुर से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग सादुलपुर-लोहारू-सीकर होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में लोहारू व झुंझुनूं स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 19027 बान्द्रा टर्मिनस-जम्मूतवी रेलसेवा 10, 17 व 24 मई को बान्द्रा टर्मिनस से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग डेगाना-फुलेरा-रेवाड़ी-हिसार होकर संचालित होगी। यह ट्रेन परिवर्तित मार्ग के दौरान फुलेरा, रींगस, नीमकाथाना, नारनौल, रेवाड़ी व भिवानी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 19028 जम्मूतवी-बान्द्रा टर्मिनस रेलसेवा 12, 19 व 26 मई को जम्मूतवी से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग हिसार-रेवाड़ी-फुलेरा-डेगाना होकर संचालित होगी। यह ट्रेन परिवर्तित मार्ग में भिवानी, रेवाड़ी, नारनौल, नीमकाथाना, रींगस व फुलेरा स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 15623 भगत की कोठी-कामाख्या रेलसेवा 20 व 27 मई को भगत की कोठी से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग डेगाना-फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। यह ट्रेन परिवर्तित मार्ग में फुलेरा, रींगस, नीमकाथाना व नारनौल स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 15624 कामाख्या-भगत की कोठी रेलसेवा 16 व 23 मई को कामाख्या से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा-डेगाना होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में नारनौल, नीमकाथाना, रींगस व फुलेरा स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 22421 दिल्ली सराय-जोधपुर रेलसेवा 22 मई से 28 मई तक दिल्ली सराय से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा-डेगाना होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में नारनौल, नीमकाथाना, रींगस व फुलेरा स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

#### प्रारम्भिक स्टेशन से रीशेड्यूल सेवाएं

गाड़ी संख्या 14823 जोधपुर-रेवाड़ी रेलसेवा 19 अप्रैल से 9 मई तक जोधपुर से अपने निर्धारित समय से डेढ़ घंटे देरी से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 22471 बीकानेर-दिल्ली सराय रेलसेवा 24 मई व 28 मई तक बीकानेर से अपने निर्धारित समय से 1 घंटे 5 मिनट देरी से प्रस्थान करेगी।

# ब्रह्माकुमारीज के 89वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से 89वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव का आयोजन राज इंटरनेशनल स्कूल में किया गया। कार्यक्रम का थीम स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन रहा, जिसका उद्देश्य परमात्मा के अवतरण का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। मुख्य अतिथि एमएलए लक्ष्मण यादव व राज स्कूल के चेयरमैन राजेंद्र सैनी थे। इस आयोजन में दिल्ली से राजयोगिनी लक्ष्मी, कोसली से निर्मला, डहीना से एकता, रेवाड़ी से रचना, ऊषा और बीके मोना सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रजापिता बह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बीके ब्रिजेश ने की। इस मौके पर बीके ब्रिजेश ने कहा कि हमें कलयुग से सतयुग की ओर चलना चाहिए, लेकिन ये तब संभव होगा जब हम अपने अंदर की कमियों को पहचान कर खुद में परिवर्तन करेंगे।




रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद बह्माकुमारीज, शिक्षक व बच्चे।



रेवाड़ी। रेवाड़ी सीए ब्रांच के नवनियुक्त पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### सीए सचिन आईसीएआई रेवाड़ी ब्रांच के अध्यक्ष

रेवाड़ी। दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया की रेवाड़ी शाखा की कार्यकारिणी समिति का चुनाव ब्रांच कार्यालय में कराया गया। चुनाव में 2025-26 के लिए सीए सचिन भूटानी को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा सीए नितिन गोयल को उपाध्यक्ष, सीए साहिल खरबंदा को सचिव तथा सीए सतीश कुमार को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। अनु जैन व प्रभव बिंदल को कार्यकारी सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष सीए सचिन भूटानी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया तथा शाखा के आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि संधि लेखाकार देश की आर्थिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण रोल अदा करते हैं। उन्होंने कहा कि सभी सहयोगियों के साथ ईमानदारी से कार्य करते हुए देश के अर्थव्यवस्था में अपना निरंतर सहयोग करेंगे।

# गौरव ने इतिहास में किया नेट क्वालीफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

सेक्टर एक रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के पूर्व प्रधान हर्ष यादव के सुपुत्र गौरव यादव ने इतिहास विषय में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा 99.3 परसेंटाइल के साथ उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। गौरव ने अपनी इस



सफलता का श्रेय अपने माता-पिता तथा गुरुजनों को दिया है। इस उपलब्धि पर सेक्टर वासियों के अलावा उनके पैतृक गांव जीवड़ा के सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं शिक्षाविदों ने गौरव को बधाई दी है।

# होली गायन का शुभारंभ, गायन टोलियों ने समाज में फैली कुरीतियों पर किया प्रहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसली

नठेड़ा गांव के शिव मंदिर परिसर में बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व पर होली गायन की शुरूआत की गई। क्षेत्र में प्रतिवर्ष होने वाले होली गायन कार्यक्रम की शुरूआत कोसलिया गोत्र के गांव नठेड़ा से होती है और विभिन्न गांवों से होते हुए धुलेंडी पर कोसली स्थित बाबा मुक्तेश्वर पुरी धाम पर इसका समापन होता है। बाबा मुक्तेश्वर पुरी धाम न केवल कोसलिया गोत्र, अपितु कोसली क्षेत्र के सभी गांवों की आस्था व श्रद्धा का केंद्र है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा नेता वीर कुमार यादव ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत की धरोहर है। गायन के माध्यम से समाज में फैली हुई कुरीतियों पर किए जाने वाले प्रहार से लोगों में जागरूकता उत्पन्न होती है। इस तरह के कार्यक्रम सामाजिक समरसता का संदेश भी देते हैं।



रेवाड़ी। नठेड़ा गांव में होली गायन करते हुए टोलियों के सदस्य।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में चोरी की आरोपी महिला। फोटो :हरिभूमि

# मकान से जेवरात चोरी करने की आरोपी महिला गिरफ्तार

- पुलिस ने महिला आरोपी को अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए तीन दिन के रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

मॉडल टाउन थाना पुलिस ने सरस्वती विहार के एक मकान से जेवरात चोरी करने के मामले में एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार की गई महिला आरोपी की पहचान यूपी के जिला सुल्तानपुर के गांव दापट निवासी निकिता के रूप में हुई है। गत 24 फरवरी को सरस्वती विहार निवासी मनोज कुमार ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसके मकान पर किराए पर रह रही यूपी के जिला सुल्तानपुर के गांव दापट निवासी निकिता ने मकान से जेवरात चोरी किए है। आरोपी निकिता उनको चोरी किए गए जेवरात के साथ सोशल मिडिया साइट पर नजर आई थी। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी निकिता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने महिला आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए तीन दिन के रिमांड पर लिया है।

### डूंगरवास में दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न, कबड्डी में कलिंगा भिवानी बना विजेता

# जिले की प्रतिभाएं जंग के मैदान से लेकर खेलों और तकनीकी क्षेत्र में लोहा मनवा रहीः अनिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

गांव डूंगरवास में बुधवार को महाशिव रात्रि पर्व पर दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समापन हो गया। मुख्यातिथि समाजसेवी अनिल रायपुर ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस मौके पर मुख्यातिथि ने कहा कि ग्रामीण आंचल की खेल प्रतिभाएं आज देश का नाम रोशन कर रही है। उन्होंने कहा कि छोटा सा प्रदेश हरियाणा देश में खेलों की खान बन रहा है। यहां की प्रतिभाएं जंग के मैदान से लेकर खेल के मैदान और तकनीकी क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही है। उन्होंने कहा कि सनातन की परंपरा की बढ़ावा देने के साथ ही खेल प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने मंदिर में अपने निजी कोष से 31 हजार रुपए का दान दिया। साथ ही गांव के लिए जिला परिषद को सोलर स्ट्रीट लाइटें व सीवर लाइन कार्य का प्रस्ताव भेजने के लिए कहा। मंदिर कमेटी और ग्राम पंचायत की मुख्यातिथि का सम्मान किया गया।

इस मौके पर राव बलबीर सिंह, मंदिर कमेटी के प्रधान मास्टर बीरेंद्र यादव, सचिव मास्टर सुरेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष सजन फौजी, सरपंच विपिन कुमार, पूर्व सरपंच सुरेश यादव, हरिप्रसाद, फौजी नवल सिंह, मास्टर कुलदीप थानेदार, बिजेंद्र बिट्टू, पृथ्वी सिंह, मनोज ठेकेदार, सुरेंद्र नीमरानियां व भूदेव यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। इस अवसर पर बच्चों को ओर से धार्मिक व देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने योग के माध्यम से स्वस्थ्य रहने का संदेश भी दिया। मटका दौड़ में बाढ़डा की प्रमिला ने बनी विजेता नेशनल कबड्डी के फाइनल मुकाबले में कलिंग भिवानी ने आकाश डूंगरवास को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। 1600 मीटर दौड़ लड़कों में प्रथम मोहन आदमपुर व द्वितीय सरजीत रेवाड़ी, 400 मीटर में प्रथम मोहन आदमपुर व द्वितीय शादाब मानेसर, 100 मीटर में दिनेश रेवाड़ी व राजाराम बहरोड़ द्वितीय स्थान पर रहे।





रेवाड़ी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बच्चेव वकार्यक्रम में मुख्यातिथि को स्मृति चिंह भेंट करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

## न्यूज डायरी

### मसानी में जिला प्रशासन का रात्रि प्रवास आज

रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा व एसपी डा. मयंक गुप्ता 27 फरवरी को गांव मसानी में अधिकारियों के साथ रात्रि प्रवास करेंगे। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दोपहर 3 बजे से आरंभ होने वाले रात्रि प्रवास कार्यक्रम के दौरान सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ नागरिकों की समस्याएं भी सुनी जाएगी। इसके अलावा गांव के विकास की योजना पर भी ग्रामवासियों से चर्चा की जाएगी। डीसी मीणा ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि ग्रामीणों तक सभी योजनाओं और सेवाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे, जो ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं और उनके लाभों की जानकारी देंगे।



रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा।



रेवाड़ी। छात्रा हर्षी को सम्मानित करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### जिला स्तरीय स्पेल बी डिबेट स्पर्धा में हर्षी प्रथम

रेवाड़ी। राजकीय माध्यमिक विद्यालय सुंदरोज की छात्रा हर्षी ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अध्यापक महेश कुमार ने बताया कि कक्षा आठवीं की छात्रा हर्षी ने डीपीसी कार्यालय में आयोजित जिला स्तरीय स्पेल बी की डिबेट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय मुखिया कांता देवी ने स्टाफ सदस्यों के साथ छात्रा को सम्मानित किया। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष कविता देवी, अध्यापक सुरेश कुमार, पवन सिंह, अजीत सिंह क्लर्क, अध्यापिका कृष्णा कुमारी, विमला देवी व श्वेता यादव सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।



रेवाड़ी। सुंदरकांड पाठ में मौजूद श्रृद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### सुंदरकांड पाठ में मनमोहक भजनों ने किया भावविभोर

रेवाड़ी। सेक्टर एक सोलहराही स्थित प्राचीन इच्छापूर्ण चोले वाले हनुमान मंदिर में मंगलवार रात्रि सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया। सुंदरकांड पाठ के मुख्य यजमान के रूप में विनोद शर्मा व सुनीता शर्मा थे। मंदिर के पुजारी पंडित बिजेंद्र भारद्वाज बालाजी धाम वाले ने पूजा-अर्चना करके सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ कराया। इस मौके पर भजन गायक राजस्थान से मनीष अरोड़ा, रेवाड़ी से गोपाल वर्मा व मिंटू मस्ताना ने हनुमानजी व श्री श्याम बाबा के भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। मंदिर संस्थापक एडवोकेट भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि सुंदरकांड पाठ व भंडारे का आयोजन सभी भक्तों के सहयोग से किया जाता है। लोगों में प्राचीन इच्छापूर्ण चोले वाले हनुमान मंदिर के प्रति काफी आस्था है। इस मौके पर राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के महासचिव सुरेंद्र वशिष्ठ, भाजपा नेता दीपक मंगला, ऊषा मंगला, रीना गुप्ता, बिल्लू पोसवाल, लक्ष्मण रावत, बिट्टू शर्मा, योगराज सोनी, साहिल यादव, प्रशांत गुप्ता, विवेक गुप्ता, अतुल माटा व राजीव सहित सैकड़ों भक्त मौजूद थे।



रेवाड़ी। गदली के शिव मंदिर पर श्रृद्धालुओं की लगी कतार।

### महिलाओं ने उपवास रख कर किया शिव का जलाभिषेक

धारूहेड़ा। महाशिवरात्रि भगवान शिव की आराधना और उनके प्रति श्रद्धा प्रकट करने का फाल्गुन मास की कृष्ण चतुर्थी को मनाया जाने वाला पर्व है। बुधवार को धारूहेड़ा क्षेत्र के मंदिरों में महाशिवरात्रि पर काफी भीड़ रही। शिवालयों पर भोले शंकर के जयघोष गूंजायमान रहे। धारुहेड़ा के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भोले का जलाभिषेक किया। महाशिवरात्रि पर महिलाओं ने उपवास रख कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। मंदिरों में जागरण का आयोजन भी किया गया। प्राचीन जोहड़ वाले शिव मंदिर, हनुमान मंदिर, शिवाला मंदिर, नंदरामपुर बास रोड गायत्री मंदिर व गदली की प्याऊ के शिव मंदिर में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। श्रद्धालुओं ने भोले को बेलपत्र, बेर, काले तिल, फल व फूल समर्पित किए। मंदिरों में श्रद्धालुओं को प्रसाद भी वितरित किया गया।



रेवाड़ी। आस्था कॉलोनी के शिव मंदिर में जलाभिषेक करती महिलाएं।

### भोले बाबा का जलाभिषेक कर मांगी सुख-समृद्धि

कोसली। कोसली क्षेत्र के गांवों में महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा व विश्वास के साथ मनाया गया। कोसली, भाकली व नठेड़ा गांव के शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। महिलाओं ने भगवान शिव पर जल व पुष्प अर्पित कर परिवार के लिए सुख-समृद्धि मांगी। आस्था कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में पावन अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर को फूलों और आकर्षक लाइटों से सजाया गया। भक्तों ने भगवान शिव की आराधना करते हुए भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए। श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति से माहौल भक्तिमय हो गया। महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव भक्तों ने उपवास रखकर शिव पूजन किया और रात्रि जागरण में भाग लिया।

# भक्तों भक्तों की सुविधा को श्रीखाटू श्याम मेले के लिए किया जाएगा स्पेशल रेलसेवा का संचालन

**खास बातें**

- स्पेशल रेलसेवा संचालन से श्रीश्याम भक्तों को होगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल



नारनौल। श्रीश्यामजी।

रेलवे की ओर से खाटू श्याम जी में श्रद्धालुओं व यात्रियों की सुविधा हेतु जयपुर-शकूरबस्ती-ढेहर का बालाजी (जयपुर) व मदार (अजमेर)-कुरूक्षेत्र-मदार (अजमेर) मेला स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार श्रीश्याम जी मेले के लिए दो स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। जिसमें गाड़ी संख्या 09725/09726 जयपुर-शकूरबस्ती-ढेहर का बालाजी (जयपुर) मेला स्पेशल रेलसेवा व गाड़ी संख्या 09727/09728 मदार (अजमेर)-कुरूक्षेत्र-मदार (अजमेर) मेला स्पेशल रेलसेवा शामिल है।

गाडी संख्या 09725 जयपुर-शकूरबस्ती मेला स्पेशल रेलसेवा एक मार्च से 15 मार्च तक (15 ट्रिप) जयपुर से सात बजे रवाना होकर 14:30 बजे शकूरबस्ती पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09726 शकूरबस्ती-ढेहर का बालाजी (जयपुर) मेला स्पेशल रेलसेवा एक मार्च से 15 मार्च तक (15 ट्रिप) शकूरबस्ती से 15:50 बजे रवाना होकर 22:50 बजे ढेहर का बालाजी (जयपुर) पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में ढेहर का बालाजी, नींदड बैनाड, चौमू सामोद, गोविन्दगढ, रींगस, श्रीमाधोपुर, कांवट, नीम का थाना, मावंडा, डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली, कुण्ड, रेवाडी, झज्जर, अस्थल बोहर व बहादुरगढ़ स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में नौ साधारण श्रेणी व दो गार्ड श्रेणी के कुल 11 डिब्बे होंगे।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09727/09728 मदार (अजमेर)-कुरूक्षेत्र-मदार (अजमेर) मेला स्पेशल रेलसेवा का संचालन नौ मार्च से 12 मार्च तक किया जाएगा। गाड़ी संख्या 09727 मदार (अजमेर)-कुरूक्षेत्र मेला स्पेशल रेलसेवा नौ मार्च से 12 तक (चार ट्रिप) मदार से 09:20 बजे रवाना होकर 19:40 बजे कुरूक्षेत्र पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09728 कुरूक्षेत्र-मदार (अजमेर) मेला स्पेशल रेलसेवा नौ मार्च से 12 मार्च तक (चार ट्रिप) कुरूक्षेत्र से 21:25 बजे रवाना होकर दूसरे दिन 08:00 बजे मदार पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में किशनगढ, नरैना, फुलेरा, रेनवाल, रींगस, श्रीमाधोपुर, कांवट, नीम का थाना, डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली, कुण्ड, रेवाडी, झज्जर, रोहतक, जीन्द, नरवाना व कैथल स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 16 साधारण श्रेणी के व दो गार्ड श्रेणी सहित कुल 18 डिब्बे होंगे।

### स्पेशल रेलसेवा के संचालन दिनों में चार ट्रिप की बढ़ोतरी

रेलवे की ओर से खाटूश्याम जी में श्रद्धालुओं व यात्रियों की सुविधा हेतु मदार (अजमेर)-कुरूक्षेत्र-मदार (अजमेर) मेला स्पेशल रेलसेवाओं के संचालन दिवसों में चार ट्रिप की बढ़ोतरी की जाएगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 09727 मदार (अजमेर)-कुरूक्षेत्र मेला स्पेशल रेलसेवा पांच मार्च से 12 मार्च तक (आठ ट्रिप) मदार से 09:20 बजे रवाना होकर 19:40 बजे कुरूक्षेत्र पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09728 कुरूक्षेत्र-मदार (अजमेर) मेला स्पेशल रेलसेवा पांच मार्च से 12 मार्च तक (आठ ट्रिप) कुरूक्षेत्र से 21:25 बजे रवाना होकर दूसरे दिन आठ बजे मदार पहुंचेगी। मार्ग में यह रेलसेवा किशनगढ, नरैना, फुलेरा, रेनवाल, रींगस, श्रीमाधोपुर, कांवट, नीम का थाना, डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली, कुण्ड, रेवाडी, झज्जर, रोहतक, जीन्द, नरवाना व कैथल स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 16 साधारण श्रेणी व दो गार्ड श्रेणी के कुल 18 डिब्बे होंगे।

**खबर संक्षेप**



### टीमों के बीच हुआ रोमांचक मुकाबला

**मंडी अटेली।** खंड सिहमा राजीव गांधी खेल स्टेडियम में बाबा खेतानाथ जनसेवा फाउंडेशन की ओर से आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन आठ टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। सभी खिलाड़ियों ने मैदान में दमखम दिखाया। इस अवसर पर बाबा खेता जनसेवा फाउंडेशन के प्रधान संदीप यादव ने बताया कि खेलों में हिस्सा लेने से शरीर स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन बहुत जरूरी है। इस मौके पर मोनू, अवी, अशोक, नवीन कुमार, अजित सिंह आदि मौजूद थे।

### झूठा मैसेज भेज कहा पैसा भेजा, विश्वास कर अकाउंट में डाल दिए 90 हजार

**नारनौल।** शहर के नजदीक गांव कोरियावास के एक व्यक्ति के साथ फर्जी मैसेज भेजकर पैसा डालने की बात कही। विश्वास में आकर व्यक्ति ने खुद के अकाउंट से शातिर अपराधी की ओर से बताए गए अकाउंट में 90 हजार डाल दिए। बाद में पीड़ित को ठगी होने का पता चला। पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4) के तहत केस दर्ज किया है। साइबर क्राइम थाना में दी शिकायत में गांव कोरियावास वासी ब्रह्मप्रकाश ने बताया है कि 15 फरवरी को वह खेतों में पानी दे रहा था। उस समय नामजद नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने जानकार बताते हुए बताया कि उसका कोई जानकार हॉस्पिटल में एडमिट है। जिसकी फीस उसके अकाउंट से नहीं जा रही है। वह आपके अकाउंट में भेज रहा है।

## शिवालयों में शिवलिंग पर जलाभिषेक करने को दिन भर लगी रहीं लाइने

# महाशिवरात्री पर्व पर बागोत में लगे मेले में भक्तों की लगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कनीना



कनीना। बाघेश्वर धाम स्थित शिवमंदिर में जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़।



कनीना। मेले में सुरक्षा व्यवस्था को संभाल रहे पुलिस कर्मचारी व मौजूद श्रद्धालु।

महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में कनीना दादरी मार्ग स्थित गांव बागोत में बुधवार को क्षेत्र का मुख्य मेला आयोजित किया गया। जिसमें दूरदराज से श्रद्धालुओं ने बम बम के जयकारों के बीच प्राकृतिक स्वयंभू शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। जलाभिषेक करने वालों की सुबह से ही भीड़ जुटना शुरू हो गई थी। जो दिन बढ़ने के साथ बढ़ती गई। नतीजतन करीब तीन चार घंटे कतार में रहने के बाद श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। सुरक्षा के लिए गर्भगृह में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। वहीं पुलिस कर्मचारी नजर बनाए हुए थे। एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड, गोताखोर सहित स्वास्थ विभाग की सेवाओं को अलर्ट मोड़ पर रखा गया था। शिव मंदिर के मठाधीश मंहत रोशनपुरी ने बताया कि इस मेले में दूर दराज से हजारों शिवभक्तों ने हिस्सा लिया। हर की पौडी हरिद्वार से कांवड लेकर आए शिवभक्तों ने गंगाजल अर्पित किया। बागोत के अलावा महाशिवरात्री के मौके पर सत्यनारायण मंदिर गुढ़ा, शिव मंदिर उन्हाणी, कनीना, धनौंदा सहित विभिन्न मंदिरों में शिवभक्तों ने जलाभिषेक किया। इस मौके पर डा. संजय कुमार, बिमला देवी, बबली, भारती, रजनी देवी, रजत, मयंक, दलीप सिंह, साक्षी, नम्बरदार सुनील कुमार, राहुल शर्मा, राजीव यादव आदि मौजूद थे। नागेंद्र शास्त्री ने एक किवंदती के माध्यम से बताया कि ऋषि पिप्लाद ने यहां पर तपस्या की थी। राजा दिलीप को कोई संतान नहीं थी। जिससे वे दुखी रहते थे और दुःख के निवारण के लिए अपने कुलगुरु वशिष्ठ के पास गए तथा अपना दुःखद वृतांत सुनाया। गुरु वशिष्ठ ने पिप्लाद ऋषि के आश्रम में नंदिनी नामक गाय व कपिला बछड़ी को उपवास रखकर जंगल में चराने को कहा। राजा दिलीप प्रतिदिन उपवास रखकर उन्हें चराने जंगल में जाते। एक दिन शंकर भगवान ने राजा की परीक्षा लेने के मकसद से बाघ का स्वरूप धारण कर बछड़ी पर धावा बोल दिया। राजा की नजर जब बाघ पर पड़ी तो हाथ जोड़कर प्रार्थना करते हुए कहा कि वे गाय बछड़ी को छोड़कर उन्हें अपना भक्ष्य बना लें। उनका मानना था कि बछड़ी को खाने देते तो उन पर गाय का श्राप लगता और गाय को खाएगा तो उनकी तपस्या पूरी नहीं हो सकेगी।

## महाशिवरात्रि पर दिनभर मंदिरों में गूंजे हर-हर महादेव के उद्घोष



**महेंद्रगढ़।** मोदाश्रम मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु तथा मोदाश्रम मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए कतार में लगे श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*



महेंद्रगढ़। क्षेत्र में बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना हुई। भक्तों ने भगवान चंद्रमोली पर जलाभिषेक कर भगवान शंकर की अराधना की। दिनभर मंदिरों में हर-हर महादेव के जयकारे गूजंते रहे। शहर के अधिकतर मंदिरों में भक्तों की कतार भी देखने को मिली। इसके अलावा रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाएं सामूहिक रूप से भगवान भोलेनाथ के भजन गाते हुए मंदिरों में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक किया गया। शहर के मोदाश्रम मंदिर, मोहल्ला कयामपुरा स्थित विकटेश्वर मंदिर, ब्रह्मचारी आश्रम स्थित शिव मंदिर, अनाज मंडी स्थित मंदिर, मोहल्ला वाल्मीकि के मंदिर, मोहल्ला सैनीपुरा स्थित शिव मंदिर सहित अन्य मदिरों में शिव भक्तों ने भगवान चंद्रमोली पर जलाभिषेक किया। मंदिरों में सुबह व शाम हुई विशेष आरती में भक्तों ने हिस्सा लेकर अपनी आस्था जताई। भक्तों ने शिवरात्रि पर्व पर बाबा भोलेनाथ को बिल्व पत्र, फूल, पत्तियां, धतूरा, भांग सहित अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर पूजा-अर्चना की। साथ ही भक्तों ने भगवान का दुग्धाभिषेक, श्रृंगार, भजन-कीर्तन कर परिवार के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान शिवालयों को विद्युत रोशनी से आकर्षक सजाया गया।

## हकेंवि में दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम आज से

- वंडर्स ऑफ इनोवेशन, इनोवेटिव साइंस टीचिंग कॉन्टेस्ट आदि प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन
- स्कूल व विश्वविद्यालय के उल्लेखनीय कार्यों व नवाचार की लगेगी प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम की शुरूआत वीरवार से होने जा रही है। इस कार्यक्रम का थीम इंपावरिंग इंडियन यूथ फॉर ग्लोबल लीडरशिप इन साइंस एंड इनोवेशन फॉर विकसित भारत है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन के अवसर पर विश्वविद्यालय में वीरवार को हकेंवि के विभिन्न विभाग तथा स्थानीय स्कूलों व महाविद्यालयों की ओर से उल्लेखनीय कार्यों, शोध व नवाचार की प्रदर्शनी विश्वविद्यालय परिसर में लगाई जाएगी। नवाचार के अंतर्गत वंडर्स ऑफ इनोवेशन, पेंटिंग, भाषण, प्रश्नोत्तरी, विभागीय प्रदर्शनी एवं इनोवेटिव साइंस टीचिंग कॉन्टेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के उद्घाटन सत्र में आईआईटी दिल्ली के प्रो. मैथिली शरण मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि आयोजन के मुख्य संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार हैं। कार्यक्रम के दूसरे दिन शुक्रवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा।

## बिना ई रवाना व बिल के एक डंपर व एक ट्रैक्टर पकड़ा

- एसडीएम मनोज कुमार ने किया खनन क्षेत्र का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल



नारनौल। खनिज का अवैध परिवहन करते पकड़े गए वाहन। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। नांगल चौधरी क्षेत्र का दौरा करते एसडीएम मनोज कुमार।

जिला महेंद्रगढ़ में अवैध खनन तथा खनिज के अवैध परिवहन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने पिछले 24 घंटे में दिन रात कार्रवाई करते हुए एक डंपर तथा एक ट्रैक्टर ट्रॉली को अवैध खनिज परिवहन के आरोप में जब्त किया। इसके अलावा बुधवार को दिन भर एसडीएम नांगल चौधरी मनोज कुमार ने भी खनन क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। यह जानकारी देते हुए जिला खनन इंजीनियर डा. राजेश कुमार ने बताया कि खनन विभाग के महानिदेशक केएम पाण्डुरंग के दिशानिर्देशन में अवैध खनन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि रात को थाना प्रभारी प्रवर्तन एवं निजामपुर द्वारा रात्रि चैकिंग के दौरान एक डंपर व एक ट्रैक्टर ट्रॉली को खनिज के अवैध परिवहन के अपराध में जब्त किया गया। नारनौल के पास जब इस डंपर को चैकिंग के लिए रुकवाया गया तो इसमें रोड़ी भरी हुई थी। यह डंपर बिना ई रवाना के खनन का परिवहन कर रहा था। इसी प्रकार पकड़ा गया ट्रैक्टर भी राजस्थान से निजामपुर की तरफ बजरी लेकर आ रहा था, जिसके पास कोई बिल नहीं था। खनन नियम के अनुसार इन दोनों वाहनों के मालिक से 6.40 लाख रुपये की वसूली की जानी है। वसूली की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसके अलावा बुधवार को दिन में उपायुक्त डा. विवेक भारती के निर्देश अनुसार एसडीएम नांगल चौधरी ने लौह अयस्क के अवैध खनन को लेकर जैनपुर, आंतरी व बिहारीपुर का दौरा किया। इस दौरान कहीं भी अवैध खनन नहीं पाया गया। वन और खनन विभाग की ओर से अवैध संभावित स्थलों की ओर जाने वाले प्रत्येक रास्ते को काट दिया गया था।



नारनौल। हवन करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### सिटी किड्स स्कूल में स्थापना दिवस पर किया हवन

नारनौल। मोहल्ला नई सराय स्थित सिटी किड्स स्कूल का 17वां स्थापना दिवस बुधवार को स्कूल प्रांगण में मनाया गया। इस अवसर पर सुबह स्कूल में हवन हुआ। जिसमें पंडित मुकेश शर्मा ने पूरे विधिविधान के साथ हवन संपन्न कराया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना और सरस्वती वंदना से की गई। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्या संतोष यादव मुख्य यजमान रही। हवन समारोह को संबोधित करते हुए संतोष यादव ने कहा कि हवन से वातावरण ही नहीं तन और मन भी शुद्ध होता है। हवन वाले स्थान पर प्राणवायु की मात्रा बढ़ जाती है। हमारा देश ऋषि मुनियों का देश रहा है। वैदिक सभ्यता का आधार ही हवन है। इस मौके पर तरुणा सैनी, मीनाक्षी सैनी, मुस्कान, खुशी आर्य, सुधा सैनी, भूमि, पूनम वर्मा आदि मौजूद थे।

### सीईटी परीक्षा में देरी पर जताया रोष

**नारनौल।** बहुजन समाज पार्टी के नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने प्रदेश सरकार की ओर से सीईटी परीक्षा आयोजित करने में की जा रही देरी पर रोष प्रकट करते हुए सरकार से 15 दिन के अंदर सीईटी की डेट घोषित करने की मांग की है। अतरलाल ने जिले के भोजावास, गोमला व खैराणा गांवों में युवाओं की समस्याओं को सुनते हुए उक्त मांग उठाई। उन्होंने सीईटी आयोजित करने में की जा रही देरी को युवा विरोधी बताते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष सीईटी आयोजित करने का वादा करने वाली भाजपा सरकार दो साल से भी ज्यादा समय से परीक्षा को लटकाए हुए है। इससे युवाओं का भविष्य खराब हो रहा है। इससे पहले नवम्बर 2022 में सीईटी परीक्षा आयोजित की गई थी। ग्रुप सी व ग्रुप डी की भर्ती के लिए तैयारी कर रहे लाखों युवाओं को सीईटी परीक्षा का लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। इस दौरान हजारों युवा आयु सीमा पार कर चुके हैं।

## महर्षि दयानंद बौद्ध दिवस पर अटेली मंडी में हवन



**मंडी अटेली।** पतंजलि आरोग्य केंद्र में हवन यज्ञ करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मंडी अटेली

महर्षि दयानंद के बौद्ध दिवस के अवसर पर आर्य समाज अटेली की ओर से पतंजलि आरोग्य केंद्र अटेली मंडी प्रतिष्ठान के सामने कस्बे में हवन यज्ञ किया गया। यज्ञ में आर्य समाजियों के अलावा अनेक लोगों ने हिस्सा लिया। यज में दिनेश आर्य अटेली यजमान रहे, जबकि हवन के पुरोहित रामौतार पुरुषार्थी व वेदप्रकाश आर्य महेंद्रगढ ब्रह के रूप में रहे। अटेली आर्य समाज के प्रधान प्रधान हरदयाल आर्य की अध्यक्षता में आयोजित यज्ञ में राजेंद्र वैध, धर्मबीर बोचडिया, ऋषिपाल आर्य, होशियार, लालसिंह, सूरजभान मास्टर, मास्टर हठीराम, देशराज आर्य, दिलवार, हरिप्रताप, सावंतराम मास्टर, सांवलराम, हरदूल मास्टर, राहुल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इस अवसर पर आर्य समाज के प्रधान हरदयाल आर्य ने कहा कि शिवरात्रि के उपलक्ष्य पर महर्षि दयानंद को ज्ञान हुआ था। उस समय महर्षि दयानंद का नाम मूलशंकर था। जब शिवरात्रि को शिवलिंग पर चढ़े हुए चूहों को देखकर उनके मन में प्रश्न हुआ कि यह कैसा शिव है, जो अपनी रक्षा स्वयं चूहे से नहीं कर पा रहा है। उस समय उनको बौद्ध हुआ कि वास्तविक शिव कोई और है, जिसकी हमें पहचान करनी चाहिए। इस प्रकार के शिव को नहीं मानना चाहिए।



कनीना। सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

### रामचंद्र पब्लिक स्कूल में मनाया महाशिवरात्रि पर्व

**कनीना।** रामचंद्र पब्लिक स्कूल में मंगलवार को महाशिवरात्रि पर्व मनाया गया। जिसमें कक्षा एलकेजी से 10वीं तक के छात्रों ने भाग लिया। इस पर्व पर बच्चों ने बहुत ही सुंदर-सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें बच्चों ने शिवगोरा का प्रदर्शन किया। आरआरसीएम ग्रुप अध्यक्ष राव रोशनलाल ने बच्चों को महाशिवरात्रि के पर्व के बारे में बताया और इसी प्रकार से हर त्योहार को मनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमें अपनी संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए। समय-समय पर हर पर्व को मनाना चाहिए। इसके साथ ही कोऑर्डिनेटर रितु यादव व एक्टिविटी इंचार्ज अनीता यादव ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### वार्ड में पार्क व होलिका दहन के स्थान की भी कमी

# अटेली के वार्ड दो की गलियों में सीवरेज लाइन नहीं बिछी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मंडी अटेली



ओमप्रकाश गुप्ता



मंडी अटेली। अटेली कस्बे का वार्ड दो विश्वकर्मा मंदिर वाला स्थान। *फोटो : हरिभूमि*

अटेली कस्बे की सरकार बनाने के लिए सभी प्रत्याशी अपना चुनाव प्रचार कर रहे हैं। कस्बे में ढाई साल बाद दो मार्च को होने वाले नगर पालिका के चुनावों को लेकर सभी प्रत्याशियों ने कमर कस ली है। पार्षद प्रत्याशियों ने अपने पोस्टर व प्रचार माध्यमों के साथ मतदाताओं से संपर्क साध रहे है। हरिभूमि ने चुनावों से पूर्व वार्ड वाइज व शहर की प्रमुख समस्याओं व जरूरतों को प्रकाशित कर प्रशासन व आमजन के सामने ला रहा है। वार्ड नंबर दो के मुख्य मुद्दों में यहां अवैध कॉलोनी होने के साथ वार्ड में कुछ स्थानों पर सीवरेज, पेयजल लाइन नहीं बिछा होना, यहां के निवासियों के लिए खासी समस्या बनी हुई है। वार्ड में बाद में आबाद हुई कॉलोनियों में गली निर्माण की खास जरूरत है। वार्ड दो में कुल 568 मतदाताओं में पुरुष 302 व महिला 266 मतदाता है। यह वार्ड रेलवे अंडर पास से लेकर पुराने पीएनबी बैक साइड तथा पुराना रेलवे स्टेशन तक फैला हुआ है। वार्ड में जांगिड़ जाति के सबसे अधिक वोट है। इसके अलावा नट, नायकों, वैश्य, अहीर, ब्राह्मण, स्वामी, राजपूत, अनुसूचित जातियों के सभी लोग मिलकर आपस में रहते है। जांगिड़ समाज के ज्यादा वोट होने के कारण इस वर्ग के संबंध रखने वाले ही अधिकतर पार्षद बने है। इसकी तीन मुख्य गलियां है, जो सकड़ी है। कस्बे के लोगों ने बताया कि वार्ड में बंदरों का जमावड़ा बना रहता है। वैसे बंदर तो पूरे कस्बे में ही है। इनको नपा की ओर से पकड़ने की जरूरत है। इस वार्ड की तीन प्रमुख गलियां जो कस्बे के मुख्य बाजार से वार्ड में प्रवेश होता है, पिछले ढाई साल चुनाव नहीं होने के कारण वार्ड का विकास एक तरह से ठप पड़ा हुआ है।

**क्या कहते है वार्ड के मतदाता**

ओमप्रकाश गुप्ता वार्ड दो निवासी ने बताया कि वार्ड में बच्चों व बुजुर्गों के लिए कोई कम्युनिटी केंद्र नहीं है। वार्ड में साफ सफाई के अलावा स्ट्रीट लाइट की अगर बेहतर व्यवस्था हो तो चोरी आदि का भय नहीं रहता है। अबकी बार ऐसे पार्षद को चुनेंगे, जो वार्ड की समस्याओं को खत्म कर धरातल पर नजर आए। बाजार व रेलवे स्टेशन के समीप होने के कारण यहां चौकीदार की भी नियुक्ति होनी चाहिए।

# अंकित ने साइकोलॉजी में नेट व जेआरएफ किया क्वालीफाई

- यह उपलब्धि उन्होंने अपनी मास्टर डिग्री के पहले ही सेमेस्टर में प्राप्त की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़



छात्र अंकित

सुरजनवास स्थित बीआर ज्ञानदीप विद्यालय के मेधावी छात्र अंकित पुत्र रामवीर यादव ने मनोविज्ञान (साइकोलॉजी) विषय में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा व जूनियर रिसर्च फेलोशिप क्वालीफाई कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि उन्होंने अपनी मास्टर डिग्री के पहले ही सेमेस्टर में प्राप्त की हैं। अंकित ने स्नातक के दौरान ही गेट परीक्षा भी उत्तीर्ण की थी, जिससे उन्हें देश की प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश का अवसर मिला। टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और अन्य शीर्ष विश्वविद्यालय को छोड़कर उन्होंने केंद्रीय विश्वविद्यालय को प्राथमिकता दी। उनकी इस सफलता के लिए यूजीसी ने उन्हें आगामी तीन वर्षों तक 42000 रुपये प्रति माह की शोधवृत्ति प्रदान करेगा, जिससे वे उच्च शिक्षा और शोध कार्य को जारी रख सकेंगे। चेयरमैन रूपराम यादव, उपप्राचार्य कृष्ण यादव, संस्थापक रामसिंह यादव ने अंकित की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी और कहा कि वह शुरू से ही प्रतिभाशाली छात्र रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन ने यह भी कहा कि अंकित की यह सफलता अन्य छात्रों को भी उच्च शिक्षा और शोध के प्रति प्रेरित करेगी। अंकित ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि यदि छात्र सही दिशा में परिश्रम करें और समर्पित रहें, तो किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उनकी इस ऐतिहासिक सफलता पर विद्यालय में खुशी की लहर है और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी।